संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

# सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र

(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान)


**सीसीआरटी समाचार** | **CCRT Newsletter**

खण्ड 2 • अंक 5 • मई 2024 | Volume 2 • Issue 5 • May, 2024


## कला मंथन

..................................................................

............................................................




**डॉ. विनोद नारायण इन्दूरकर**
अध्यक्ष, सीसीआरटी


## प्रमुख गतिविधियों की झलकियाँ



# मई 2024 की प्रमुख गतिविधियाँ

## 45वां स्थापना दिवस समारोह (31 मई 2024)

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) मुख्यालय में 31 मई 2024 को 45वां स्थापना दिवस समारोह विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस क्रम में मई का महीना सीसीआरटी के लिए विभिन्न सांस्कृतिक उत्सवों और समृद्ध अनुभवों का साक्षी रहा। इन कार्यक्रमों की प्रमुख झलकियाँ प्रस्तुत हैं :

### भव्य संगीतमय नाटक : 'कृष्ण भक्त मीरा'

इस समारोह का मुख्य आकर्षण 'कृष्ण भक्त मीरा' नामक मंत्रमुग्ध कर देने वाला संगीतमय नाट्य प्रदर्शन था, जो संत मीरा बाई की 525वीं जयंती को समर्पित था। डॉ. विनोद नारायण इंदूरकर, अध्यक्ष, सीसीआरटी द्वारा निर्देशित और सुश्री जुलेशा सिद्धार्थ वानखड़े, अध्येता, सीसीआरटी द्वारा लिखित इस शानदार प्रस्तुति में संगीत, नृत्य और नाटक का अद्‌भुत मिश्रण था, जो संत मीरा बाई के जीवन और भक्ति को दर्शाता है।



### 'अश्वघोष मुक्ताकाश कला मंच' का उद्‌घाटन

कलात्मक अभिव्यक्ति के प्रति सीसीआरटी की प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में, सीसीआरटी मुख्यालय परिसर में एक ओपन-एयर थिएटर 'अश्व घोष मुक्ताकाश कला मंच' का उद्‌घाटन 31 मई 2024 को किया गया। यह मंच सीसीआरटी के भावी कार्यक्रमों के लिए रचनात्मकता और प्रेरणा का केंद्र बनाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। इस अवसर पर श्रीमती उमा नंदूरी (संयुक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय), श्रीमती अमिता प्रसाद सरभाई (संयुक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय), डॉ. विनोद नारायण इंदूरकर (अध्यक्ष, सीसीआरटी), श्री राजीव कुमार (निदेशक, सीसीआरटी) और श्री अनीश पी. राजन (निदेशक, अकादमी) सहित गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।





## सीसीआरटी के स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रमों की व्यापक रिपोर्ट स्थानीय समाचार पत्रों में भी कवर की गई ।



# CCRT celebrates 45th Foundation Day

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

Centre for Cultural Resources and Training (CCRT) celebrated its 45th Foundation Day with a series of extraordinary events at headquarters Dwarka, New Delhi. The highlight of the day was a grand musical theatre performance titled "Krishna Bhakt Meera," dedicated to the 525th birth anniversary of Sant Meera Bai. The celebration began with the arrival of the Chief Guest and Guest of Honour, followed by the lighting of the lamp near the Nataraja Statue. The distinguished guests included Uma Nanduri, Amita Prasad Sarbhai (Joint Secretary, Ministry of Culture) and Aneish P. Rajan (Director, Akademi) who were warmly welcomed by the Chairman and Director of CCRT.

Rajeev Kumar, Director of CCRT, delivered the welcome address. The musical theatrical tribute, directed by Dr. Vinod Narayan Indurkar and scripted by Ms. Julesha Siddharth Wankhede, captivated the audience with its blend of music, dance, and drama, celebrating Meera Bai's life and devotion. The director, scriptwriter and performers were felicitated for their outstanding contributions.

The Chief Guest addressed the gathering, followed by a vote of thanks by Dr. Rahul Kumar. The event concluded with the inauguration of the Open-Air Theatre 'Ashwa Ghosh Muktakash Kala Manch' in the CCRT lawns, followed by refreshments.

The day's events were part of a larger week-long celebration from May 27 to June 02, 2024, which includes various cultural activities and an exhibition of R. K. Laxman's iconic works. The exhibition, open daily from 10:00 AM to 06:00 PM, continues to draw visitors, offering them a chance to relive the humor and insight of Laxman's timeless cartoons.









www.toi.in/psu

# CCRT celebrates 45th Foundation Day

Centre for Cultural Resources and Training (CCRT) celebrated its 45th Foundation Day with a series of events at its headquarters in Sector 7, Dwarka, New Delhi. The highlight of the day was a grand musical theatre performance titled "Krishna Bhakt Meera," dedicated to the 525th birth anniversary of Sant Meera Bai. The celebration began with the arrival of the chief guest and guest of honour, followed by the lighting of the lamp. The distinguished guests included Uma Nanduri, Amita Prasad Sarbhai (Joint Secretary, Ministry of Culture), and Aneish P. Rajan (Director, Akademi) who were welcomed by the Chairman and Director of CCRT. Rajeev Kumar, Director of CCRT, delivered the welcome address. The chief guest addressed the gathering, followed by a vote of thanks by Dr. Rahul Kumar. The event concluded with the inauguration of the open-air theatre 'Ashwa Ghosh Muktakash Kala Manch' in the CCRT lawns, followed by refreshments.

## प्रशिक्षण / TRAINING

### प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रम

सीसीआरटी के प्रशिक्षण अनुभाग द्वारा वित्त वर्ष 2024–25 के लिए विविध प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। ये कार्यक्रम देश भर में शिक्षकों के बीच सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने और कक्षा के अनुभवों को समृद्ध करने के लिए हमारे समर्पण का प्रतीक हैं। सीसीआरटी को सेवारत सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल शिक्षकों और शिक्षक प्रशिक्षकों के लिए तैयार किए गए अनुस्थापन पाठ्यक्रम और विषयगत कार्यशालाएँ आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप कक्षा शिक्षण में सांस्कृतिक तत्त्वों को एकीकृत करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किए गए हैं।

**विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम:**

1. एनईपी–2020 के अनुरूप अनुस्थापन पाठ्यक्रम
2. एनईपी–2020 के अनुरूप शिक्षा में कठपुतली की भूमिका पर कार्यशाला
3. प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में स्कूलों की भूमिका पर कार्यशाला
4. स्कूली शिक्षा में शिल्प कौशल के समावेश पर कार्यशाला
5. हमारी सांस्कृतिक विविधता पर कार्यशाला
6. स्कूली शिक्षा में संग्रहालयों की भूमिका पर कार्यशाला
7. शिक्षा में रंगमंच कला पर कार्यशाला

1979 में अपनी स्थापना के बाद से, सीसीआरटी ने अपने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कुल 2,16,470 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया है। इस व्यापक पहुंच ने कक्षा शिक्षण को समृद्ध बनाने और जमीनी स्तर पर भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## छात्रवृत्ति और अध्येतावृत्ति / SCHOLARSHIP AND FELLOWSHIP

### "राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव"

छात्रवृत्ति और अध्येतावृत्ति अनुभाग ने केन्द्र के महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम 'राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव' के दौरान 27 मई, 2024 से 02 जून, 2024 तक सीसीआरटी परिसर, नई दिल्ली में मीराबाई की रचनाओं पर आधारित एकीकृत नृत्य-संगीत प्रस्तुति और भारतीय कार्टूनिस्ट और चित्रकार आर के लक्ष्मण को समर्पित दृश्य कला पर कार्यशाला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया।

इस महोत्सव में दिल्ली, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड जैसे 07 विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से 55 छात्रवृत्ति धारकों/युवा कलाकारों/अध्येताओं ने भाग लिया।















## आर. के. लक्ष्मण को समर्पित कार्यशाला सह कार्टून प्रदर्शनी

सीसीआरटी द्वारा 27 मई से 02 जून 2024 तक राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव के दौरान अभिनव कला भारती आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रोजेक्ट के सहयोग से भारत के प्रख्यात कार्टूनिस्ट आर.के. लक्ष्मण को समर्पित एक कार्यशाला सह कार्टून प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 12 सीसीआरटी छात्रवृत्ति धारकों और अध्येताओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में युवा कलाकारों को फोटोग्राफर श्री प्रभास रॉय और दृश्य कला विशेषज्ञ डॉ. उज्ज्वल सुरेश कडोदे द्वारा कार्टून कला और चित्रकला की बारीकियों से परिचित कराया गया।







## विस्तार सेवाएँ तथा समुदाय पुनर्निवेश कार्यक्रम/EXTENSION SERVICES AND COMMUNITY FEEDBACK PROGRAMME (ESCFP)

### ग्रीष्म कालीन शिविर 'इंद्रधनुष 2024'

सीसीआरटी मुख्यालय नई दिल्ली और क्षेत्रीय केंद्र हैदराबाद, उदयपुर और दमोह में 07-16 आयु वर्ग के बच्चों के लिए 'ग्रीष्म कालीन शिविर - इंद्रधनुष-2024' का आयोजन किया गया, जिसमें 385 बच्चों ने भाग लिया।

इस वार्षिक शिविर का उद्देश्य बच्चों को सांस्कृतिक शिक्षा प्रदान करना, उनकी अंतर्निहित प्रतिभा का विकास करना, उन्हें भावनात्मक रूप से सक्षम बनाना तथा उनका समेकित विकास करना है ताकि बुनियादी स्तर से सांस्कृतिक शिक्षा का विकास एवं उसके प्रति समझ विकसित की जा सके एवं उनमें विचारों को प्रकट करने में स्पष्टता तथा विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सहिष्णुता विकसित हो सके। इस कार्यशाला में विविध रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं जैसे शास्त्रीय एवं लोक नृत्य, फिल्म बनाने की कला, शिक्षा में नाट्य-कला, पुतलीकला, रचनात्मक लेखन आदि। इनके अलावा भारतीय भाषाओं में गीत, फोटोग्राफी, कहानी कला, मिट्टी के बर्तन बनाना तथा शिल्पकलाएं जैसे- मिट्टी के खिलौने, कागज का कार्य (पेपर मेशी), टाई-डाई, बुक बाइडिंग, गोटा-किनारी, मनका कार्य, पुष्प बनाना, अनुपयोगी सामग्री से खिलौने बनाना, मधुबनी पेंटिंग तथा वर्ली पेंटिंग आदि गतिविधियाँ भी इस शिविर में बच्चों को सिखाई जाती हैं।








PLAY
WIN
REPEAT






EXIT










राजा रवि वर्मा कला वीथिका








सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र
"इंद्रधनुष–2024"



## हिन्दी अनुभाग / HINDI SECTION

संघ की राजभाषा नीति के अनुपालन के क्रम में किसी कार्यालय के अंतर्गत एक वर्ष में उसके अधीनस्थ कार्यालयों में से कम से कम 25 प्रतिशत कार्यालयों का राजभाषायी निरीक्षण अनिवार्य है। इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए दिनांक 09 मई 2024 को सीसीआरटी मुख्यालय, नई दिल्ली से हिंदी अधिकारी श्री मनीष कुमार द्वारा सीसीआरटी क्षेत्रीय केंद्र, गुवाहाटी का एकदिवसीय राजभाषायी निरीक्षण किया गया और गुवाहाटी केंद्र में राजभाषा संबंधी कामकाज का जायजा लेने के साथ-साथ वहाँ के अधिकारियों-कर्मचारियों को राजभाषा के समुचित प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।






### सीसीआरटी मुख्यालय, नई दिल्ली:

**डॉ. विनोद नारायण इंदूरकर**, अध्यक्ष, सीसीआरटी
**श्री राजीव कुमार (भा.रा.से.)**, निदेशक, सीसीआरटी
**डॉ. राहुल कुमार**, उप निदेशक (प्रशिक्षण)
**डॉ. संदीप शर्मा**, उप निदेशक (मूल्यांकन)
**श्री राजेश भटनागर**, उप निदेशक (वित्त)
**श्री दिबाकर दास**, उप निदेशक (छात्रवृत्ति एवं अध्येतावृत्ति) एवं प्रभारी (उत्पादन अनुभाग)
**श्री के.एस.एल. गणेश**, उप निदेशक (प्रशासन)
**श्री मनीष कुमार**, हिन्दी अधिकारी

### सीसीआरटी क्षेत्रीय केंद्र:

**श्री वाई. चन्द्र शेखर**, परामर्शक
सीसीआरटी क्षेत्रीय केंद्र, हैदराबाद, तेलंगाना

**श्री ओम प्रकाश शर्मा**, परामर्शक
सीसीआरटी क्षेत्रीय केंद्र, उदयपुर, राजस्थान

**श्री निरंजन भुइयां**, परामर्शक
सीसीआरटी क्षेत्रीय केंद्र, गुवाहाटी, असम

**श्री के.एस.एल. गणेश**, उप निदेशक (प्रशासन) एवं प्रभारी
सीसीआरटी क्षेत्रीय केंद्र, दमोह


**सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र**
**(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान)**
15ए, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली - 110075 भारत
दूरभाष : 011-25309300 ई-मेल : dir.ccrt@nic.in वेबसाइट : www.ccrtindia.gov.in

**क्षेत्रीय केन्द्र**
सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र
# 1-118/सीसीआरटी, सर्वे नं. 64
(गूगल ऑफिस के निकट),
मधापुर, हैदराबाद, तेलंगाना
पिन कोड:- 500 084
दूरभाष: +91+040+23111910/23117050
ई-मेल: rchyd.ccrt@nic.in

**क्षेत्रीय केन्द्र**
सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र
58, जुरीपार, पंजाबारी रोड
गुवाहाटी, असम
पिन कोड: 781037
दूरभाष: +91-0361-2335317
ई-मेल: rcgwt.ccrt@nic.in

**क्षेत्रीय केन्द्र**
सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र
हवाला खुर्द, बड़गाँव,
उदयपुर, राजस्थान
पिन कोड: 313011
दूरभाष: +91+0294-2430764
ई-मेल: rcud.ccrt@nic.in

**क्षेत्रीय केन्द्र**
सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र
पुरानी कलेक्ट्रेट बिल्डिंग,
दमोह, मध्य प्रदेश
पिन कोड:- 470661
ई-मेल: rcdamoh-ccrt@gov.in

@CCRTDelhi @ccrtofficialchannel ccrtnewdelhi @CCRTNewDelhi @ccrtofficial

*संरक्षक:* **डॉ. विनोद नारायण इंदूरकर**, अध्यक्ष, सीसीआरटी *मार्गदर्शक:* **श्री राजीव कुमार**, निदेशक, सीसीआरटी
*संपादक:* **मनीष कुमार**, हिंदी अधिकारी *प्रकाशन सहयोग:* **श्री रमनीक कुमार**, प्रकाशन सहायक एवं **श्री विरेन्द्र कटोच**, ग्राफ़िक डिज़ाइनर